**दिनांक 17.06.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न कोशी मेंची अंतःराज्यीय लिंक परियोना अन्तर्गत टर्न–की के आधार पर पूर्वी कोशी मुख्य नहर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 41.30 तक रिमोडलिंग कार्य (एकरारनामा सं० 01SBD/2025–26) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगणः–**

1. श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा।
2. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना।
3. श्री अफजल आलम, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा।
4. श्री नवीन कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–05, पटना।
5. श्री राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर।

**बैठक में उपस्थित संवेदक (M/s Rithwik Project Pvt. Ltd) के प्रतिनिधिः–**

1. Mr. V Ramanna, Project Manager

**समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :**

1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा द्वारा बतलाया गया कि सिल्ट डिस्पोजल हेतु टीम का गठन कर दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर को जिला पदाधिकारी सुपौल/अररिया एवं जिला खनन पदाधिकारी, सुपौल/अररिया से समन्वय स्थापित कर सिल्ट डिस्पोजल हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर)**

2. कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर द्वारा बतलाया गया कि सेटलिंग बेसिन का दिनांक 23.06.2026 से दिनांक 25.06.2026 तक सी0डब्लू0पी0आर0एस0, पूणे के एक टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया जायेगा।

   सी0डब्लू0पी0आर0एस0, पूणे से सेटलिंग बेसिन का मॉडल स्टडी करने से संबंधित Time Line प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर)**

3. संरचनाओं का फाउन्डेशन तथा लाईनिंग कार्य शीघ्र शुरू करने हेतु क्षेत्रिय अभियंताओं एवं संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/संवेदक)**

4. संवेदक प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 10.07.2026 तक सभी संरचनाओं का रूपांकण एवं आरेखण समर्पित करने का आवश्वासन दिया गया।

Partial DPR शीघ्र एवं Final DPR दिनांक 15.08.2026 तक समर्पित करने हेतु संवेदक को निदेश दिया गया। साथ ही DPR समर्पित नहीं करने पर संवेदक का भुगतान रोकने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाईः—मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/संवेदक)**

5. दिनांक 30.06.2026 तक पूर्व कोशी मुख्य नहर एवं सभी स्केप का पोस्ट लेवल लेने के उपरान्त Earthwork की पूरी मात्रा से विभाग को अवगत कराने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाईः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर)**

30/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा—159/2025— 1312 / पटना,दिनांक— 30.06.2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सुजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों/ संवेदक को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

30/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा—159/2025— 1312 / पटना, दिनांक— 30.06.2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित ।

30/6/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन